# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी | कक्षा : सप्तमी

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** | संघर्ष के कारण मैं तुनुक मिज़ाज हो गया......... | **समयावधि :** | 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** | ------------------------------------- | **पूर्णांक :** | 20 अंक |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** | .............. | **दिनांक :** | ....../....../.......... |

**निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**1. (क) संघर्ष के कारण मैं तुनुकमिज़ाजी हो गया'-पाठ किस विधा पर आधारित है?** 1

(क) एकांकी
(ख) संस्मरण
(ग) साक्षात्कार
(घ) जीवनी

**2. साक्षात्कार का क्या अर्थ है?** 1

(क) अकेले बात करना
(ख) किसी से मिलकर आमने - सामने बात करना
(ग) प्रत्यक्ष भेंट
(घ) ख और ग दोनों

**3. 'मेरी इस तुनुकमिजाज के पीछे कई वजहें है' - धनराज ने किन वजहों का जिक्र किया है ?** 1

(क) वह बहुत गरीब था ।
(ख) हॉकी - स्टिक खरीदने की हैसियत थी ।
(ग) पारिवारिक संघर्ष करना पड़ा था ।
(घ) क और ग दोनों सही है

**4. "बैचलर ऑफ हॉकी" कहने का अभिप्राय क्या है?** 1

(क) हॉकी में ग्रेजुएट
(ख) वरिष्ठ खिलाड़ी
(ग) हॉकी खेल में पारंगत
(घ) हॉकी सिखानेवाला।

**5. धनराज का बचपन कैसा था? निम्नलिखित में से उचित विकल्प का चयन करें -** 1

(क) संघर्ष , शांत

(ख) जुझारू , मोज-मस्ती

(ग) क और ख दोनों सही है

(घ) संघर्ष , तुनुकमिजाज

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध है -** 1

(क) क्रित्रिम, मशहुर

(ख) आर्थिक, प्रतिस्ठा

(ग) कृत्रिम , मशहुर

(घ) आर्थिक , कृत्रिम

**7. क्रिकेट के खेल से संबंधित शब्द हैं-** 1

(क) गोल, बैकिंग, पासिंग, बूट

(ख) एंपायर, रन, चौका, छक्का

(ग) बूट , रन , विकेट , गोल

(घ) चौका, छक्का, गोल, बैकिंग

**8. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द एक ही शब्द के पर्यायवाची है - उचित विकल्प का चयन करिए ।** 1

(क) भवन , गृह , निवास ।

(ख) पत्थर, रेत, पाषाण।

(ग) अंबर, आकाश, बादल ।

(घ) ख और ग दोनों सही है ।

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9. साक्षात्कार पढ़कर आपके मन में धनराज पिल्लै की कैसी तस्वीर उभरती है ? अपने शब्दों में बताइए ।** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

**10. धनराज पिल्लै के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

11. **धनराज को किस बात की मायूसी हुई? यह कैसे खत्म हुई ?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

12. **खेलों के महत्व के बारें आप अपने विचार प्रकट कीजिए ।** 2

उत्तर:- ----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

13. **नीचे दिया गया चित्र भारत के किस खिलाड़ी का है? उसके बारें में आप अपने शब्दो में विचार लिखिए ।** 4



उत्तर:- ----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/ उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 1. | स्मरण | उत्तर:- (ग) साक्षात्कार | 1 |
| 2. | ज्ञान | उत्तर:- (घ) ख और ग दोनों | 1 |
| 3. | समझ | उत्तर:- (घ) क और ग दोनों सही है | 1 |
| 4. | समझ | उत्तर:- (ग) हॉकी खेल में पारंगत | 1 |
| 5. | स्मरण | उत्तर:- (घ) संघर्ष , तुनुकमिजाज | 1 |
| | | **(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 6. | विश्लेषण | उत्तर:- (घ) आर्थिक , कृत्रिम | 1 |
| 7. | ज्ञान | उत्तर:- (ख) एंपायर, रन, चौका, छक्का | 1 |
| 8. | स्मरण | उत्तर:- (क) भवन , गृह , निवास । | 1 |
| | | **(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| 9. | स्मरण | उत्तर:- धनराज पिल्लै का साक्षात्कार पढ़कर यही छवि उभरती है कि वे सीधा-सरल जीवन व्यतीत करने वाले मध्यमवर्गीय परिवार से नाता रखने वाले हैं। वे देखने में बहुत सुंदर नहीं हैं। हॉकी के खेल में इतनी प्रसिद्धि प्राप्त करने का जरा भी अभिमान उनमें नहीं है। आम लोगों की भाँति लोकल ट्रेनों में सफर करने में भी कतराते नहीं। विशेष लोगों से मिलकर बहुत प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। उन्हें माँ से बहुत लगाव है। इतनी प्रसिद्धि पाने पर भी आर्थिक समस्याओं से जूझते रहें। उन्हें हॉकी खेल से बहुत लगाव है। लोग भले ही उनको तुनुकमिज़ाज समझे लेकिन वे बहुत सरल हृदय मनुष्य हैं। | 2 |
| 10. | समझ | उत्तर:- धनराज पिल्लै के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि यदि हमारे मन में आगे बढ़ने की चाहत हो, मेहनत और लगन हो, निश्चिय हो, तो आर्थिक और पारिवारिक स्थितियाँ कभी भी आड़े नहीं आतीं। मनुष्य सदैव सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ते रहता है। जैसे धनराज पिल्लै साधारण परिवार से संबंध रखते थे। हॉकी का अभ्यास करने के लिए कई बार उनके पास हॉकी स्टिक भी नहीं होती थी लेकिन उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें हॉकी का महान खिलाड़ी बना दिया | 2 |
| 11. | स्मरण | उत्तर:- धनराज का विश्वास था कि उन्हें 1988 के ओलंपिक कैंप का बुलावा जरूर आएगा, पर 57 खिलाड़ियों की सूची में उनका नाम नहीं था। इससे उन्हें मायूसी हुई । यह मायूसी अगले साल ऑलविन एशिया कप के कैंप के चुनाव पर दूर हुई। | 2 |
| 12. | ज्ञान | उत्तर:- खेल व्यक्ति को स्वस्थ रखता है। यह हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है और इसके साथ-साथ हमारा मानसिक विकास भी करता है। खेल खेलने से हमारी प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास होता है और कई बीमारियाँ हमारे पास भी नहीं आती है। खेल खेलने से बच्चों में प्रेम भाव बढ़ता है और उनका सामाजिक विकास भी होता है।<br>• छात्र अपने स्वविवेक के अनुसार उत्तर दे सकते है । | 2 |
| | | **(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)** | |
| 13. | रचनात्मकता | उत्तर:- कपिल देव निखंज क्रिकेट में भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर थे। उनका जन्म 6 जनवरी 1959 को हरियाणा में हुआ था। वह पूर्व कप्तान और नए राष्ट्रीय टीम के कोच थे। जब कपिल सिर्फ 20 साल के थे, तब उन्होंने 1000 रन बनाने और 100 विकेट लेने का नया रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने ये रिकॉर्ड सिर्फ एक साल 109 दिन की अवधि में बनाया. कपिल देव ने 1975 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलना शुरू किया और उन्हें पहली | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | बार टेस्ट मैच खेलने का मौका 1978 में भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे के दौरान मिला।<br>उन्होंने 4000 रन और 400 विकेट का अनोखा रिकॉर्ड भी हासिल किया, ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय खिलाड़ी थे। उन्होंने फरवरी 1994 में टेस्ट मैचों में सर्वाधिक विकेट (432) लेने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मभूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया। कपिल देव ने अपनी आत्मकथा 'बाय गॉड्स डिक्री' नाम से लिखी है।<br>• छात्र स्व विवेक के अनुसार उत्तर दे सकते है । | |
| | | | |